# माँ का संदेसा आया है कटरा मुझे बुलाया है लिरिक्स

माँ का संदेसा आया है,
कटरा मुझे बुलाया है,
पर्वत पर माँ का धाम है,
मुझे जाना नंगे पाँव है।bd।

तर्ज – धीरे धीरे बोल कोई।

---

पर्वत पर एक गुफा बड़ी सुन्दर,
जहाँ है मेरी मैया का मंदिर,
सिंह सवारी करती मैया है,
सर पर ओढ़े लाल चुनरिया है,
दर्शन से ही, मेरे सभी,
बन जाते बिगड़े काम है,
मुझे जाना नंगे पाँव है,
माँ का संदेशा आया है,
कटरा मुझे बुलाया है।bd।

---

मैया का दरबार वो न्यारा है,
स्वर्ग से सुन्दर वहां नज़ारा है,
नाचती गाती भक्तो की टोली,
गूंजे मैया का जयकारा है,
जय माता दी, कहते सभी,
लेते सब माँ का नाम है,
मुझे जाना नंगे पाँव है,
माँ का संदेशा आया है,
कटरा मुझे बुलाया है।bd।

---

मेरी मैया है मेहरावाली,
भक्तो की करती है रखवाली,
सबकी मुरादे पूरी करती है,
लौटाती ना किसी को भी खाली,
संकट हरे, झोली भरे,
'सोनू' ये बड़ी दयावान है,
**Bhajan Diary Lyrics,**
मुझे जाना नंगे पाँव है,
माँ का संदेशा आया है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

माँ का संदेसा आया है,
कटरा मुझे बुलाया है,
पर्वत पर माँ का धाम है,
मुझे जाना नंगे पाँव है।bd।

गायक – राजू मेहरा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com